राम आएंगे

-------भजन के बोल-------
मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे…..2
राम आएंगे आएंगे राम आएंगे……..2
मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे…..2

1) राम आएंगे तो अँगना सजाऊँगी,
दीप जला के दीवाली मैं मनाऊँगी,
मेरे जन्मो के सारे पाप मिट जाएंगे राम आएंगे,
मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे…..2

2) राम झूलेंगे तो पलना झुलाऊँगी,
मीठे मीठे मैं भजन सुनाऊँगी,
मेरी जिंदगी के सारे दुःख मिट जाएंगे राम आएंगे,
मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे…..2

3) मैं तो रुच रुच भोग लगाऊँगी,
मीठे मीठे बैर राम को खिलाऊँगी,
प्यारी प्यारी सीता प्यारे राम संग आएंगे राम आएंगे,
मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे…..2

4) मेरा जन्म सफल हो जाएगा,
तन झूमेगा और मन गीत गाएगा,
मुझे मुक्ति का रास्ता दिखलाएंगे राम आएंगे,
मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे…..2

5) श्याम सुंदर की दीवानी हो जाऊँगी,
मैं नाचूँगी और राम को नचाऊँगी ,
आए काले काले बादल छट जाएंगे राम आएंगे,
मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे…..2।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33466/title/Ram-Aayenge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |